सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय, अजमेर

क्रमांकः एफ.1( )कॉ.कम्यू.प्रो / जीसीए / 2020 / 3098 दिनांकः 24–2–2020

श्रीमान् आयुक्त महोदय,
कॉलेज शिक्षा राजस्थान,
जयपुर।

विषयः– 15 फरवरी 2020 को आयोजित होने वाले कॉलेज कम्यूनिटी कनेक्ट प्रोग्राम के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः– आपका पत्र क्रमांक CCE/ISDC/RACE/2019/1818 दिनांक 30 जनवरी 2020

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र के क्रम में निवेदन है कि महाविद्यालय में दिनांक 15 फरवरी 2020 को आयोजित होने वाले कॉलेज कम्यूनिटी प्रोग्राम आयोजित किया गया, जिसमें अभिभावकों व विद्यार्थियों के समक्ष महाविद्यालय की शैक्षणिक व सह शैक्षणिक गतिविधियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया और सामूदायिक सहभागिता के लिए सुझावपरक सत्र आयोजित हुआ और अन्त में महाविद्यालय की प्रतिभाओं ने सांस्कृतिक गतिविधियों की रोचक व सुन्दर प्रस्तुतियां दी।

संलग्नकों के साथ सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत हैं।

भवदीय,

संलग्नक– उपरोक्तानुसार

प्राचार्य,
सम्राट पृथ्वीराज चौहान
राजकीय महाविद्यालय, अजमेर

क्रमांकः एफ.1( )कॉ.कम्यू.प्रो / जीसीए / 2020 / दिनांकः 24–2–2020

प्रतिलिपि–

1. डॉ0 विनोद भारद्वाज, प्रभारी अधिकारी, नवाचार एवं कौशल विकास, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राज0, जयपुर।
2. सहायक निदेशक, अजमेर सम्भाग, जीसीए
3. प्रभारी अधिकारी, जीसीए
4. रक्षित पंजिका

प्राचार्य,
सम्राट पृथ्वीराज चौहान
राजकीय महाविद्यालय, अजमेर

## सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय, अजमेर

क्रमांकः एफ.1( )कॉ.कम्यू.प्रो / जीसीए / 2020 / 1639 दिनांकः 7–2–2020

श्रीमान् आयुक्त महोदय,
कॉलेज शिक्षा राजस्थान,
जयपुर।

विषयः– 15 फरवरी 2020 को आयोजित होने वाले कॉलेज कैम्यूनिटी कनेक्ट प्रोग्राम के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः– आपका पत्र क्रमांक CCE/ISDC/RACE/CCC2019-20/1851 दिनांक 5 फरवरी 2020

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र के क्रम में निवेदन है कि दिनांक 15 फरवरी 2020 को आयोजित होने वाले कॉलेज कम्यूनिटी प्रोग्राम के संबंध में सूचनाएं निम्नलिखित प्रारूप में भरकर आपको आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही हैं –

| महाविद्यालय का नाम | कार्यक्रम तिथि | आमंत्रित विशिष्ट अतिथि का नाम | आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों का विवरण | प्रभारी अधिकारी का नाम, पद एवं मोबाइल नं. |
|---|---|---|---|---|
| सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय, अजमेर | 15–2–2020 | श्री संजीव कुमार ADRM, मंडल रेल कार्यालय, अजमेर | 1. अभिभावकों के समक्ष महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक गतिविधियों का ब्यौरा प्रस्तुत<br>2.सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन<br>3. सामुदायिक सहभागिता के लिए सुझावपरक सत्र | श्री संजीव कुमार वर्मा, सह आचार्य भूगोल शास्त्र मो. 9829344936 |

भवदीय,

(हस्ताक्षर)

प्राचार्य,
सम्राट पृथ्वीराज चौहान
राजकीय महाविद्यालय, अजमेर

क्रमांकः एफ.1( )कॉ.कम्यू.प्रो / जीसीए / 2020 / दिनांकः 7–2–2020

प्रतिलिपि–

1. डॉ0 विनोद भारद्वाज, प्रभारी अधिकारी, नवाचार एवं कौशल विकास, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राज0, जयपुर।
2. सहायक निदेशक, अजमेर सम्भाग, जीसीए
3. प्रभारी अधिकारी, जीसीए
4. रक्षित पंजिका

Sd/-

प्राचार्य,
सम्राट पृथ्वीराज चौहान

# सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय
## अजमेर - 305001 ( राज. )
( NAAC Accreditation Grade - 'A' )

**डॉ. मुन्नालाल अग्रवाल**
प्राचार्य
M. : 9521261818

0145-2460946 (C)
0145-2461946 (O)
E-mail : gcajmer175@gmail.com

Ref. No. 1859

Date : 13/2/2020

दिनांक : 13–02–2020

श्री दिनेश गुप्ता
सेवानिवृत उपाचार्य एवं एडवाईजर
अजमेर।

विषय : 15 फरवरी, 2020 को आयोजित होने वाले कॉलेज कम्यूनिटी कनेक्ट प्रोग्राम में आपकी स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत आग्रह है कि राजकीय महाविद्यालयों की गुणात्मक अविवृद्धि एवं सामाजिक कार्यो, संस्थाओं, समुदाय एवं अभिभावकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कॉलेज समिति कम्यूनिटी कनेक्ट प्रोग्राम का आयोजन दिनांक 15–02–2020 को महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं को आपके प्रेरणादायक उद्‌बोधन के लिए आमन्त्रित किया जा रहा है। कृपया छात्रहित में अपनी सहमति प्रदान कर अनुग्रहित करें।

सादर।

भवदीय

मु. अग्रवाल

(डॉ. मुन्ना लाल अग्रवाल)
प्राचार्य
सम्राट पृथ्वीराज चौहान
राजकीय महाविद्यालय, अजमेर।

# कार्यालय प्राचार्य, सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय, अजमेर

क्रमांकः एफ.1( )स्था/जीसीए/2020/1856 दिनांकः 13–02–2020

## विद्यार्थियों हेतु अति–आवश्यक सूचना

आयुक्तालय के निर्देशानुसार महाविद्यालय के समस्त नियमित विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि "शिक्षक–अभिभावक–विद्यार्थी" संवाद संगम (CCC) कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 15–02–2020 को महाविद्यालय के महाराणा प्रताप सभागार में प्रातः 10.30 बजे आयोजित किया जायेगा। अतः समस्त विद्यार्थी अपने–अपने अभिभावक के साथ आवश्यक रूप से उपस्थित होकर इस कार्यक्रम का लाभ उठावें।

उपरोक्त कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति अपेक्षित है।

प्राचार्य
सम्राट पृथ्वीराज चौहान
राजकीय महाविद्यालय, अजमेर

क्रमांकः एफ.1( )स्था/जीसीए/2020/1857-58 दिनांकः 13–02–2020

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. छात्र/छात्रा सूचना पट्ट
2. रक्षित पंजिका।

प्राचार्य
सम्राट पृथ्वीराज चौहान
राजकीय महाविद्यालय, अजमेर

## कार्यालय प्राचार्य, सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय, अजमेर

क्रमांकः एफ.1( )स्था/जीसीए/2019/1880 दिनांकः 13-02-2020

### कार्यालय-आदेश

आयुक्त, कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के निर्देशानुसार "शिक्षक-अभिभावक-विद्यार्थी" संवाद संगम (CCC) कार्यक्रम महाविद्यालय में आयोजित किया जाना है। अतः महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्य दिनांक 15-02-2020 को प्रातः 10.30 बजे महाविद्यालय के महाराणा प्रताप सभागर में अनिवार्य रूप से उपस्थित होवे।

प्राचार्य
सम्राट पृथ्वीराज चौहान
राजकीय महाविद्यालय, अजमेर

क्रमांकः एफ.1( )स्था/जीसीए/2019/1851-55 दिनांकः 13-02-2020

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-

1. सम्बन्धित उपाचार्यगण।
2. सम्बन्धित संकाय सदस्यगण, एसपीसी जीसीए।
3. कार्यक्रम प्रभारी, एसपीसी जीसीए।
4. डॉ. पी.सी.शर्मा, सहायक आचार्य, को भेजकर लेख है कि उपरोक्त सूचना संबंधित नियमित विद्यार्थी/अभिभावक को एस.एम.एस. के माध्यम से अवगत करावें
5. रक्षित पंजिका।

प्राचार्य
सम्राट पृथ्वीराज चौहान
राजकीय महाविद्यालय, अजमेर

# सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय, अजमेर

दिनांक 13.02.2020

## प्रेस नोट

## संवाद संगम कार्यक्रम का आयोजन

अजमेर। 13फरवरी, राजकीय महाविद्यालयों की गुणात्मक अभिवृद्धि एवं सामाजिक विकास में संस्थाओं, समुदाय एवं अभिभावकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कॉलेज कम्युनिटी कनेक्ट प्रोग्राम महाविद्यालय के महाराणा प्रताप सभागार में दिनांक 15–02–2020 को प्रातः 10.30 बजे से आयोजित किया जायेगा। प्राचार्य प्रो0 एम.एल.अग्रवाल ने बताया कि विद्यार्थियों एवं अभिभवकों की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करते हुए उनके लिए यथा निर्देशित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेगें। नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. संजीव कुमार वर्मा ने बताया कि उपरोक्त कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय एवं समुदाय में सामंजस्य स्थापित करना, विद्यार्थियों में शैक्षणिक दक्षता एवं रोजगारपरक कौशल क्षमता विकास में सामाजिक पर्यवेक्षण के आध्यम से उत्कृष्टता अभिवृद्धि सुनिश्चित करना है।

(डॉ. एम.एल.अग्रवाल)
प्राचार्य
सम्राट पृथ्वीराज चौहान
राजकीय महाविद्यालय, अजमेर

---

सेवा में,
सम्पादक महोदय,
सादर प्रकाशनार्थ प्रेषित है।

सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय अजमेर

दिनांकः 15–2–2020

## प्रेस–विज्ञप्ति

- संगीत विभाग के नियमित, स्वयंपाठी परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षाएं 17 फरवरी से

अजमेर 15 फरवरी ( )। सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय, अजमेर में महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर द्वारा आयोजित सत्र 2019–20 की संगीत विषय के नियमित व स्वयंपाठी परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षाएं 17 फरवरी 2020 व 18–2–2020 को होंगी।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 एम.एल. अग्रवाल ने बताया कि प्रायोगिक परीक्षाओं की समय सारिणी की विस्तृत सूचना संगीत विभाग से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है। प्रायोगिक परीक्षाओं का समय प्रातः 10.00 बजे रहेगा। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारम्भ होने से आधा घंटा पूर्व अपनी उपस्थिति संबंधित विभाग में सुनिश्चित करें।

---

## प्रेस–विज्ञप्ति 2

- संवाद–संगम कार्यक्रम हुआ आयोजित

अजमेर 15 फरवरी ( )। सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय, अजमेर में शनिवार को आयुक्तालय के निर्देशानुसार संवाद–संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि डॉ0 दिनेश गुप्ता, सदस्य सचिव राजस्थान लोक सेवा आयोग थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ0 सुनीता पचौरी एवं अध्यक्ष महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 मुन्नालाल अग्रवाल रहे।

मुख्य अतिथि डॉ0 दिनेश गुप्ता ने अपने उद्बोधन में इस कार्यक्रम के महत्व को स्पष्ट करते हुए बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम अभिभावक व अध्यापकों के बीच संगम एवं सहयोग स्थापित करते हैं जिसके द्वारा छात्रों की समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। डॉ0 गुप्ता ने बताया विविध पर्यावरण संबंधी समस्याओं एवं विभिन्न बीमारियों का समाधान भी इस संवाद के द्वारा किया जाना सम्भव है।

डॉ0 सीमा गर्ग ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा केवल पढ़ने से काम नहीं चलेगा । पढ़ाई के साथ साथ हुनर सीखना और सिखाना भी जरूरी है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ0 एम.एल. अग्रवाल ने बताया कि आयुक्तालय एवं महाविद्यालय इस कार्यक्रम द्वारा अभिभावकों को संस्थाओं से जोड़कर अभिभावकों का सहयोग ले रहे है निश्चय ही यह प्रयास सराहनीय है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय के छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य एवं गीतों की प्रस्तुति भी दी गई। अशोक गन्धर्व, संदीप मोहित, मोनिका, आशीष, निमिषा, सन्नी, जीया, आयुषी, संघर्षणा, कनिष्का, सुनीता, हर्षिता, दीपकंवर, मुस्कान, रश्मि, संदीप आदि ने अपनी प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। सभी विद्यार्थियों की प्रतिभाएं सराहनीय रहीं। इस अवसर पर डॉ0 मंजुला मिश्रा उपाचार्य एवं डॉ0 संजीव वर्मा प्रभारी संवाद संगम कार्यक्रम भी मंच पर उपस्थित रहे । अन्त में महाविद्यालय उपाचार्य डॉ0 एस.के. गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 मोइनुद्दीन और डॉ0 रेनु शर्मा ने किया।

---

सादर प्रकाशनार्थ

प्राचार्य
सम्राट पृथ्वीराज चौहान
राजकीय महाविद्यालय,अजमेर

सम्पादक महोदय,
दैनिक समाचार पत्र
अजमेर।

आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और न

दैनिक भास्कर

कुल पृष्ठ 18 (यंग भास्कर, ऐच्छिक ₹ 10.00) राजस्थान मूल्य ₹ 4.50 | वर्ष 23, अंक 310, महानगर

अजमेर, शुक्रवार, 14 फरवरी, 2020 फाल्गुन, कृष्ण पक्ष-6, 2076

## जीसीए में कॉलेज कम्यूनिटी कनेक्ट प्रोग्राम 15 को

अजमेर| राजकीय महाविद्यालयों की गुणात्मक अभिवृद्धि और सामाजिक विकास में संस्थाओं, समुदाय और अभिभावकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कॉलेज कम्यूनिटी कनेक्ट प्रोग्राम 15 फरवरी का सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय के महाराणा प्रताप सभागार में आयोजित किया जाएगा। प्राचार्य डॉ. एमएल अग्रवाल ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. संजीव कुमार वर्मा ने उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य बताया।

धर्म . समाज . संस्था

दैनिक भास्कर अजमेर, रविवार 16 फरवरी, 2020

# संवाद में किया समस्या-समाधान पर मंथन

एजुकेशन रिपोर्टर | अजमेर


सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय कॉलेज अजमेर में शनिवार को संवाद-संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि आरपीएससी के सदस्य सचिव डॉ. दिनेश गुप्ता, विशिष्ट अतिथि डॉ. सुनीता पचौरी थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एमएल अग्रवाल ने की। मुख्य अतिथि डॉ. गुप्ता ने कहा कि इस तरह के आयोजन अभिभावक और शिक्षकों के बीच संगम और सहयोग स्थापित करते हैं। जिससे विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान भी आसानी से किया जा सकता है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि विविध पर्यावरण संबंधी समस्याओं और विभिन्न बीमारियों का समाधान भी इस संवाद के द्वारा किया जाना संभव है। डॉ. सीमा गर्ग ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा केवल पढ़ने से काम नहीं चलेगा। पढ़ाई के साथ साथ हुनर सीखना और सिखाना भी जरूरी है।



प्राचार्य डॉ. एमएल अग्रवाल ने कहा कि आयुक्तालय और कॉलेज इस कार्यक्रम के जरिये अभिभावकों को संस्थाओं से जोड़कर उनका सहयोग ले रहे हैं।

विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने शानदार डांस और गीतों की प्रस्तुति दी। इस दौरान अशोक गंधर्व, संदीप मोहित, मोनिका, आशीश, निमिषा, सत्री, जीया, आयुषी, संघर्षणा, कनिष्का, सुनीता, हर्षिता, दीपकंवर, मुस्कान, रश्मि सहित कई विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। डॉ. मंजुला मिश्रा उपाचार्य और डॉ. संजीव वर्मा प्रभारी संवाद संगम कार्यक्रम भी मंच पर मौजूद रहे। उपाचार्य डॉ. एसके गुप्ता ने आभार जताया।

**लॉ कॉलेज : संवाद कार्यक्रम में बांटे अनुभव, विजेता पुरस्कृत:** राजकीय लॉ कॉलेज अजमेर में शनिवार को संवाद संगम और वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट अजय त्रिपाठी थे। विशिष्ट अतिथि यातायात प्रभारी अनिता गुर्जर और नृत्यांगना दृष्टिरॉय थी। इस आयोजन में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के प्रतिनिधि के तौर पर डॉ. हेमंत पारीक भी शामिल हुए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी। कॉलेज प्राचार्य डॉ. विभा शर्मा ने बताया कि इस समारोह में लॉ कॉलेज के पूर्व प्राचार्य [illegible] शर्मा, एसके गुप्ता और आरएस अग्रवाल को भी सम्मानित किया गया। साल भर चली गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विजेता विद्यार्थियों को अतिथियों ने स्मृति चि और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कॉलेज प्रशासन ने यहां एक फीडबैक बोर्ड भी लगाया था, जिसमें अभिभावकों और अतिथियों ने कॉलेज के बारे में अपने अनुभव लिखे।



संवाद संगम कार्यक्रम में प्रस्तुति देती छात्राएं। -श्रीकांत जांगिड़

16-2-20

# संवाद से ही समस्याओं का समाधान संभव

## एसपीसीजीसीए में संवाद-संगम कार्यक्रम

अजमेर। सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय में आयोजित संवाद-संगम कार्यक्रम में शनिवार को मुख्य अतिथि राजस्थान लोक सेवा आयोग के सचिव डॉ. दिनेश गुप्ता ने कहा कि संवाद से ही समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। ऐसे कार्यक्रम अभिभावक व अध्यापकों के बीच भी संगम एवं सहयोग स्थापित करेंगे। पर्यावरण संबंधी समस्याओं एवं विभिन्न बीमारियों का समाधान भी संवाद से संभव है।

कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि संभागीय शिक्षा आयुक्त डॉ. सुनीता पचौरी थीं। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. मुन्नालाल अग्रवाल ने की। डॉ. सीमा गर्ग ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि केवल युग में पढ़ाई के साथ हुनर भी सीखना जरुरी है। इस दौरान विद्यार्थियों अशोक गन्धर्व, संदीप, मोहित, मोनिका, आशीष, निमिषा, सत्री, जीया, आयुषी, संघर्षणा, कनिष्का, सुनीता, हर्षिता, दीपकंवर, मुस्कान, रश्मि, संदीप आदि ने नृत्य एवं गीतों की प्रस्तुतियां दीं। उपप्राचार्य डॉ. मंजुला मिश्रा, डॉ. एस.के. गुप्ता, डॉ. संजीव वर्मा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मोइनुद्दीन और डॉ. रेनु शर्मा ने किया।

### संगीत की प्रायोगिक परीक्षाएं कल से

सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय के संगीत विभाग के नियमित परीक्षाएं 17 व 18 फरवरी को होंगी। प्राचार्य डॉ. एम.एल. अग्रवाल ने बताया कि प्रायोगिक परीक्षाओं की समय-सारिणी की विस्तृत सूचना संगीत विभाग से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है। परीक्षा का समय प्रातः 10 बजे से रहेगा। परीक्षार्थियों को आधे घंटे पूर्व उपस्थिति देनी होगी।

### पुष्प प्रदर्शनी को कल तक बढ़ाया

कॉलेज में आयोजित पुष्प प्रदर्शनी मंजरिका को 17 फरवरी तक बढ़ा दिया है। रविवार को भी पुष्प प्रदर्शनी खुली रहेगी। प्रदर्शनी का समय प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक निर्धारित है। प्रदर्शनी के दौरान विद्यार्थियों और आमजन सभी के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी